मर्यादित समीक्षण अहवालासह उपरोक्त नमूद निष्कर्ष स्टॉक एक्स्चेंजच्या संकेत स्थळावर म्हणजेच **www.bseindia.com** व **www.nseindia.com** आणि कंपनीच्या **https://borosilrenewables.com/investor/financial-information** वर उपलब्ध आहे. तसेच खालील दिलेले क्युआर कोड स्कॅन करून देखील ते प्राप्त करता येईल.

बोरोसिल रिन्यूएबल्स लिमिटेड करिता

सही/-
सुनिल रुंगटा
पूर्ण वेळ संचालक आणि सीएफओ
(डीआयएन: ०२४२२६९०)

स्थळ : मुंबई
दिनांक : ऑक्टोबर ३०, २०२६

ZEE ENTERTAINMENT ENTERPRISES LIMITED

CIN: L92132MH1982PLC028767
Regd. Office: 18th Floor, 'A' Wing, Marathon Futurex, N M Joshi Marg, Lower Parel, Mumbai- 400013
Tel:- 91-22-7106 1234, **Website:** www.zee.com

Financial Results for the quarter and half year ended 30 September 2026

(₹ in Millions)

Sr. No.	Particulars	Standalone					Consolidated				
		Quarter ended on 30/09/2026 Unaudited	Quarter ended on 30/09/2025 Unaudited	Half year ended on 30/09/2026 Unaudited	Half year ended on 30/09/2025 Unaudited	Year ended on 31/03/2026 Audited	Quarter ended on 30/09/2026 Unaudited	Quarter ended on 30/09/2025 Unaudited	Half year ended on 30/09/2026 Unaudited	Half year ended on 30/09/2025 Unaudited	Year ended on 31/03/2026 Audited
1	Total income from operations*	20,638	18,478	38,447	35,317	75,670	22,246	19,692	41,319	37,940	80,989
2	Profit for the period/year (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	2,175	1,088	2,852	2,635	976	631	1,154	1,372	3,126	2,830
3	Profit for the period/year before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	2,175	1,088	2,852	2,635	882	631	1,154	1,372	3,126	2,736
4	Profit for the period/year after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	2,098	783	2,571	1,898	1,205	456	765	1,199	2,202	2,713
5	Total Comprehensive Income for the period/year [Comprising Profit for the period/year (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	2,132	818	2,573	1,923	1,389	761	1,277	1,637	2,846	4,299
6	Equity Share Capital	961	961	961	961	961	961	961	961	961	961
7	Other equity (excluding revaluation reserves)					104,671					116,338
8	Networth					105,632					117,299
9	Earnings per Share (of Rs. 1/- each)										
	Basic (Rs.) (Not Annualised)	2.18	0.82	2.68	1.98	1.25	0.50	0.79	1.29	2.29	2.82
	Diluted (Rs.) (Not Annualised)	2.18	0.82	2.68	1.98	1.25	0.50	0.79	1.29	2.29	2.82

*Excludes other income

Notes :

1. The above is an extract of the detailed format of Financial Results filed by the Company with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results are available on the Stock Exchange websites. (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and also on Company's website at www.zee.com.
2. This financial statement has been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind AS), the provisions of the Companies Act, 2013 (the Act), as applicable and guidelines issued by the Securities and Exchange Board of India (SEBI).

Place: Mumbai
Date: 30 October 2026

For and on behalf of the board
Uttam Prakash Agarwal
Director

सिरोही पुलिस की बड़ी कार्रवाई

ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत 1 करोड़ से अधिक मूल्य की 20.696 किलो अवैध अफीम बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

सिरोही, 30 अक्टूबर (का.सं.)। राजस्थान में आगामी पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए महानिदेशक पुलिस राजस्थान श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान %ऑपरेशन त्रिनेत्र% के तहत सिरोही जिला पुलिस ने एक बेहद बड़ी और अंतरराज्यीय तस्करों के नेटवर्क पर करारी चोट करने वाली सफलता हासिल की है।

जिला पुलिस अधीक्षक सिरोही डॉ. अजेय सिंह राठौड़ के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरोही नरेंद्र कुमार और वृत्ताधिकारी आबूरोड जितेंद्र सिंह राठौड़ के निकटतम सुपरविजन में आबूरोड रीको थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक मिनी ट्रक से 20 किलो 696 ग्राम अवैध अफीम का दूध जब्त कर मध्य प्रदेश निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है।

मावल चौकी पर नाकाबंदी के दौरान ऐसे हत्थे चढ़ा तस्कर

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना आबूरोड रीको थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह चंपावत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मावल पुलिस चौकी पर सघन गश्त व चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। गुरुवार की शाम को गुजरात सीमा से सटे मावल चौकी पर नाकाबंदी के दौरान राजस्थान नंबर के एक मिनी ट्रक को रोककर संदेह के आधार पर नियमानुसार तलाशी ली गई। ट्रक के केबिन में रखे एक बैग की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में अवैध अफीम पाई गई। इस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक के कब्जे से 20 किलो 696 ग्राम अफीम जब्त कर मिनी ट्रक को सीज कर दिया।

कांग्रेस लोकतंत्र पर प्रहार और देश को अराजकता की ओर धकेलने का प्रयास कर रही है: ओटाराम देवासी

भाजपा ने किया लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान का आगाज

प्रभात अभिनन्दन न्यूज



सिरोही, 30 अक्टूबर (का.सं.)। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी दल जनादेश का अपमान कर संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं यह लोकतंत्र पर प्रहार और देश को अराजकता की ओर धकेलने का प्रयास है। वे शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के कथित झूठ और दुष्प्रचार को उजागर करने के लिए भाजपा ने लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान शुरू किया है।

मतदाता सूची की शुद्धता एसआईआर का उद्देश्य

राज्यमंत्री देवासी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का उद्देश्य मतदाता सूचियों को शुद्ध करना है। मृत, स्थान बदल चुके, दो जगह दर्ज और भारतीय नागरिक नहीं होने वाले व्यक्तियों के नामों की जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश में पहले भी 12 बार एसआईआर हो चुका है, जिनमें 10 बार कांग्रेस की सरकार थी। उनके अनुसार, 24 जून 2025 से अब तक करीब 2.37 करोड़ नए युवा मतदाताओं के नाम जुड़े हैं और सूची में 17.38 करोड़ युवा मतदाता हैं। हर महीने लगभग 20 लाख युवा जुड़ रहे हैं।

नाम हटाने के आरोपों को बताया भ्रामक

उन्होंने कहा कि 13 करोड़ नाम काटने का दावा विपक्ष का दुष्प्रचार है। दो दशक से अधिक समय बाद हुए पुनरीक्षण में 2.80 करोड़ मृत मतदाता, 6.3 करोड़ स्थान बदल चुके मतदाता, एक करोड़ दो जगह दर्ज नाम और तीन करोड़ ऐसे मतदाता चिह्नित किए गए, जिनकी जानकारी नहीं मिली। उन्होंने स्पष्ट किया कि नाम हटाने के बजाय इन्हें चिह्नित किया गया है। 20 लाख से अधिक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) प्रक्रिया में शामिल हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने के लिए दावा, आपत्ति और अपील की कानूनी व्यवस्था है।

हार पर वोट चोरी, जीत पर जनादेश कैसे?

देवासी ने कहा कि लोकतंत्र में सवाल उठाने की स्वतंत्रता है, लेकिन हिंसा, तोड़फोड़ और सार्वजनिक जीवन बाधित करने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अब वर्ष में चार अवसर- 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर मिलते हैं। कांग्रेस एक राज्य में हार को वोट चोरी और जीत को जनादेश कैसे मान सकती है? सूची तैयार करने में सरकारी अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भूमिका रहती है। राज्यमंत्री देवासी ने कहा कि क्या कांग्रेस विदेशी घुसपैठियों, मृतकों और स्थान बदल चुके मतदाताओं के नाम सूची में बनाए रखना चाहती है? उन्होंने चीन के साथ कांग्रेस के कथित समझौते, अराजक संगठनों के साथ कथित रेड-ग्रीन गठजोड़ में नाम आने और पूर्व में हुए एसआईआर पर कांग्रेस का रुख स्पष्ट करने की मांग की। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नारायण देवासी, जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री, जिला उपाध्यक्ष हेमलता पुरोहित, मंडल अध्यक्ष चिराग रावल, प्रताप परमार, शैतानसिंह सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

केमिकल फैक्ट्री में शेड हटाते समय गिरने से वेल्डर की मौत

सिरोही, 30 अक्टूबर (का.सं.)। हादसे के बाद गणेशलाल को भगवान महावीर अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। गुरुवार को परिजनों के शिवगंज पहुंचने पर पोस्टमार्टम करवाकर शव उन्हें सौंप दिया गया। मृतक के भाई केवलचंद डांगी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दो बेटियों के सिर से उठा पिता का साया = मृतक के चाचा के अनुसार गणेशलाल की दो बेटियां हैं, जिनकी उम्र 12 और 8 वर्ष है। पिता की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। हादसे से परिजन गहरे सदमे में हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गणेश लाल। भास्कर न्यूज 7 सिरोही केसरपुरा रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित कृष्णा केमिकल फैक्ट्री में शेड हटाने का काम करते समय नीचे गिरने से वेल्डर की मौत हो गई। मृतक की पहचान उदयपुर जिले के गोविन्दपुरा, वल्लभनगर निवासी गणेशलाल पुत्र वेनजी डांगी (पटेल) के रूप में हुई है। हादसे के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार गणेशलाल पिछले चार-पांच वर्षों से केसरपुरा औद्योगिक क्षेत्र में वेल्डिंग का काम कर रहा था। वह विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में पार्ट टाइम आधार पर काम करता था। बुधवार को उसे कृष्णा केमिकल फैक्ट्री में शेड हटाने का काम मिला था। इसी दौरान शाम करीब 6 बजे पैर फिसलने से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

सिरोही में दोपहर 3 बजे तक 56.91 प्रतिशत मतदान

सिरोही, 30 अक्टूबर (का.सं.)। पंचायतीराज चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को सिरोही जिले की चार पंचायत समितियों की 110 ग्राम पंचायतों में दोपहर 3 बजे तक 56.91 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे अधिक मतदान रेवदर पंचायत समिति में 58.84 प्रतिशत दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम 54.60 प्रतिशत मतदान सिरोही भावरी में हुआ। भावरी में 56.95 और पिंडवाड़ा में 57.23 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जयपुर में शादी का झांसा देकर मंगेतर ने किया रेप

युवती को मिलने का दवाव बनाकर बुलाया होटल, पुलिस ने आरोपी को दबोचा



जयपुर,वेब वार्ता। में मंगेतर ने शादी का झांसा देकर युवती से रेप किया। आरोपी युवक ने अजमेर की रहने वाली 23 साल की युवती पर मिलने का दबाव बनाया और उसे होटल में बुलाया, जहां उसके साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया।

जयपुर पुलिस ने पीड़ित युवती की शिकायत पर खद्गक्रदर्ज की। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाकर बयान दर्ज कर आरोपी मंगेतर को अरेस्ट किया है।

आरोपी एक साल तक मिलने के बहाने बुलाता और अलग-अलग जगह ले जाकर रेप की वारदात को अंजाम देता रहा।

परिजनों ने पिछले साल कराया था रिश्ता

थानाधिकारी ने बताया कि अजमेर की रहने वाली 23 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पिछले साल परिजनों ने उसके लिए रिश्ता देखा था। रिश्ता पसंद आने पर आरोपी युवक से उसकी सगाई हो गई। सगाई होने के बाद दोनों एक-दूसरे से मोबाइल कॉल के जरिए बातचीत करने लगे।

आरोप है कि आरोपी मंगेतर ने बातचीत के दौरान उससे मिलने का दबाव बनाया। जयपुर के होटल में मिलने बुलाकर आरोपी मंगेतर ने और जबरदस्ती की। विरोध करने पर सगाई होने के बाद शादी होने के लिए कहकर शारीरिक संबंध बनाए।

सालभर तक शादी का झांसा देकर करता रहा रेप

रिपोर्ट के मुताबिक, सालभर तक शादी का झांसा देकर आरोपी मंगेतर उसको धोखा देता रहा। जयपुर के अलावा अलग-अलग जगहों पर मिलने बुलाकर उसका देहशोषण करता रहा। शादी का समय नजदीक आने पर आरोपी मंगेतर ने इनकार कर दिया।

धोखे का एहसास होने पर पीड़ित युवती ने जयपुर के पुलिस स्टेशन में आरोपी मंगेतर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर 14 अक्टूबर को खद्गक्र दर्ज की। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाकर बयान दर्ज किए।

गांवों की हवा भी हुई जहरीली: पंजाब और राजस्थान सहित कइ राज्यों में शहरों के बराबर पहुंचा ग्रामीण प्रदूषण



नई दिल्ली,वेब वार्ता। आमतौर पर माना जाता है कि गांवों की हवा शहरों के मुकाबले साफ होती है, लेकिन एक नए विश्लेषण ने इस धारणा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। देश के कई राज्यों में ग्रामीण इलाकों का वायु प्रदूषण शहरों के लगभग बराबर है। नई दिल्ली। आमतौर पर माना जाता है कि गांवों की हवा शहरों के मुकाबले साफ होती है, लेकिन एक नए विश्लेषण ने इस धारणा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। देश के कई राज्यों में ग्रामीण इलाकों का वायु प्रदूषण शहरों के लगभग बराबर है। दिल्ली समेत कई राज्यों में गांवों का वार्षिक पीएम 2.5 स्तर भारत के निर्धारित राष्ट्रीय मानक 40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से भी ऊपर पाया गया है। मतलब, वायु प्रदूषण की समस्या सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं बल्कि इसका दायरा गांवों तक फैला हुआ है। इंडिया एयर क्वालिटी एंड एनर्जी इनसाइट्स में अगस्त 2026 के दौरान प्रकाशित सेंटर फार रिसर्च एंड क्लीन एयर (सीआरइए) के मुख्य शोधकर्ता मनोज कुमार के विश्लेषण में वर्ष 2014 से 2023 तक के पीएम 2.5 आंकड़ों का अध्ययन किया गया। इसके लिए सर्वे आफ इंडिया के गांवों की सीमाओं से जुड़े आंकड़ों और अमेरिका की वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के वायुमंडलीय संरचना अनुसंधान समूह के प्रदूषण अनुमानों का इस्तेमाल किया गया। अध्ययन में 24 राज्यों के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना की गई।

हरियाणा और उत्तर प्रदेश के गांवों में भी प्रदूषण ज्यादा: विश्लेषण के अनुसार, वर्ष 2023 में हरियाणा के ग्रामीण इलाकों में पीएम 2.5 का औसत स्तर 63.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और उत्तर प्रदेश में 60.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। दोनों ही राज्यों में यह राष्ट्रीय वार्षिक मानक से काफी अधिक है। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण इलाकों में पीएम2.5 का स्तर 48.4, त्रिपुरा में 47.4 और झारखंड में 46.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया। दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, बिहार, ओडिशा, मध्य प्रदेश और बंगाल में भी ग्रामीण क्षेत्रों का पीएम 2.5 स्तर राष्ट्रीय मानक से ऊपर रहा, जबकि इन राज्यों में शहरी और ग्रामीण प्रदूषण के बीच अंतर 10 प्रतिशत से कम था।

चार राज्यों में अंतर पांच प्रतिशत से भी कम

24 राज्यों में से 22 में शहरी पीएम 2.5 का स्तर ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक था, लेकिन अधिकांश राज्यों में यह अंतर बहुत ज्यादा नहीं था। पंजाब, राजस्थान, बिहार और गोवा में शहरी और ग्रामीण प्रदूषण का अंतर पांच प्रतिशत से भी कम रहा।

शहरों के साथ गांवों को भी जोड़ना होगा: विश्लेषण के मुताबिक, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत प्रदूषण नियंत्रण की योजनाओं को केवल शहरों तक सीमित रखने के बजाय क्षेत्रीय स्तर पर तैयार करने की जरूरत है। इसके लिए गांवों में भी वायु गुणवत्ता की निगरानी, प्रदूषण के स्रोतों की पहचान और नियंत्रण के उपाय जरूरी हैं। प्रदूषण फैलाने वाले स्रोत और हवा के साथ प्रदूषकों का फैलाव प्रशासनिक सीमाओं तक नहीं रुकता, इसलिए शहरों और गांवों को एक ही वायु क्षेत्र का हिस्सा मानकर योजनाएं बनाने से ही प्रदूषण नियंत्रण के प्रयास अधिक प्रभावी हो सकते हैं।

बद्रीनाथ से देहरादून आ रहा हेलिकॉप्टर क्रैश, 6 मरे



देहरादून। उत्तराखंड में शुक्रवार को बद्रीनाथ से देहरादून आ रहा एक प्राइवेट कंपनी का हेलिकॉप्टर जोशीमठ के पास क्रैश हो गया। हादसे में पायलट समेत 6 लोगों की मौत हो गई। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं।

हेलिकॉप्टर ने दोपहर करीब 1:14 बजे बद्रीनाथ से देहरादून के सहस्त्रधारा के लिए उड़ान भरी थी। जोशीमठ घाटी के ऊपर उड़ान के दौरान उसका संपर्क टूट गया। इसके बाद ट्रैकिंग सिस्टम पर भी उसकी लोकेशन मिलनी बंद हो गई।

यह घटना ऐसे समय हुई है, जब उत्तराखंड के कई इलाकों में खराब मौसम बना हुआ है। राज्य के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी हो रही है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख जताते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवारों को हर संभव मदद दी जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उत्तराखंड में क्रैश हुए हेलिकॉप्टर में कर्नाटक पुलिस के इंस्पेक्टर अरुण भी सवार थे। वहीं, हादसे की जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो **(AAIB)** करेगा।

तूफानों से भारत के महंगे सैटेलाइट खराब नहीं होंगे

उदयपुर। सोलर सिस्टम (सौर मंडल) में उठने वाले खतरनाक सौर तूफानों से अब अंतरिक्ष में घूम रहे भारत के सैटेलाइट (उपग्रह) खराब नहीं होंगे। भारत ने अपने करोड़ों रुपए के सैटेलाइट्स को सुरक्षित रखने के लिए एक नया दिशा मिशन शुरू किया है। दिशा का पूरा नाम डिस्टर्ब्ड एंड क्वाइट टाइम आयनोस्फीयर-थर्मोस्फीयर सिस्टम एट हाई एल्टीट्यूड है।

कार्यालय नगर सुधार न्यास, आबू जिला सिरोही (राज.)

क्रमांक :- नसुआईटी आबू/लेखा/निविदा/2026/826 — दिनांक :- 26/10/2026

Notice Inviting Bid NIB No. 11/2026-2027

नगर सुधार न्यास आबू द्वारा वर्ष 2026–2027 में निम्न कार्य हेतु पंजीकृत सेवाप्रदाताओं एवं संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि (2%)	निविदा शुल्क
1.	Rate Contract for Arrangement of Temporary Lighting Decoration on Diwali in UIT Area Abu.	4.99 Lac	10,000	500
2.	न्यास के विभिन्न अभियान एवं अवसरों पर किराये पर जे.सी.बी., ट्रेक्टर ट्रोली सप्लाई का कार्य मय डीजल जिसकी दर प्रति घण्टा देवे।	4.97 Lac	10,000	500

निविदा विक्रय की अन्तिम दिनांक	02.11.2026 को समय 11.00 A.M. तक
निविदा प्राप्ति दिनांक	02.11.2026 को समय 06.00 P.M. तक
निविदा खोलने की दिनांक	03.11.2026 को समय 12.00 P.M. तक

नोट :-
01. निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट सचिव नगर सुधार न्यास आबू के पक्ष में प्रस्तुत किया जाना होगा।
02. निविदा Single Stage Two Bid System के रूप में आमंत्रित की जाती है बोलीदाता/संवेदक द्वारा विभिन्न पंजीकरण इत्यादि का विवरण संलग्न प्रपत्र परिशिष्ट 01 में भरकर प्रमाण पत्र की फोटो प्रति के साथ जिसमे एक लिफाफे में टेण्डर शुल्क, धरोहर राशि, समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति अनुसार व आवश्यक दस्तावेज रखे जायेंगे और दुसरे लिफाफे में Price Bid (वित्तीय दरे निविदा प्रपत्र में) रखी जायेगी। दोनो लिफाफे एक बडे लिफाफे में सम्मिलित कर प्रस्तुत करे।

UBN No. : ITA2627A0011
UBN No. : ITA2627SSRC00015, ITA2627SSRC00016

सचिव
नगर सुधार न्यास, आबू
राज.संवाद/सी/26/12660

राजस्थान आवासन मण्डल

निविदा सूचना संख्या 05/2026-27

राजस्थान आवासन मण्डल की खण्ड-प्रथम के अधीन मानपुर आवासीय योजना व आकराभट्टा आबूरोड मे सिविल कार्य एवं मगरा आवासीय योजना बाडमेर मे (2 वर्ष) व मां लटियाल भवानी नगर आवासीय योजना फलौदी मे (1 वर्ष) रोड लाईट की मरम्मत व रखरखाव के कार्य हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 05.11.2026 से 17.11.2026 को सायं 06:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेब साईट **https://eproc.rajasthan.gov.in & sppp.rajasthan.gov.in, www.urban.rajasthan.gov.in/rhb** पर उपलब्ध है।

Bid for Item 1. Construction of Open Drain at Sector 3 Manpur Aburoad RHB2627WSOB00211

Bid for Item 2. Development of Commercial Plot & Rematting and Carpeting work at Akrabhatta Aburoad RHB2627WSOB00212

Bid for Item 3. Maintenance of Road Light for 2 year at Magra Housing Board Scheme Barmer RHB2627WSOB00213

Bid for Item 4. Maintenance of Road Light in Maa Latiyal Bhawani Housing Board Colony Phalodi RHB2627WSOB00214

राज.संवाद/सी/26/12694 — आवासीय अभियंता, खण्ड-प्रथम, जोधपुर

पॉक्सो मामले में 32 वर्षीय युवक बरी, अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में नाकाम



चंडीगढ,वेब वार्ता। चंडीगढ़ की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने नाबालिग से यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे 32 वर्षीय शैलेंद्र वर्मा को बरी कर दिया है। अदालत ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ आरोप साबित करने में विफल रहा। मामले में शिकायतकर्ता और पीड़िता के बयानों में विरोधाभास के अलावा एफआईआर दर्ज कराने में हुई देरी का भी कोई ठोस कारण सामने नहीं आया। डॉ. यशिका की अदालत में सुनवाई के दौरान आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(1) और 64(2)(एम) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत आरोप लगाए गए थे। मामला आईटी पार्क थाने में दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसकी 14 वर्षीय बेटी पिछले कुछ समय से चुप और डरी-सहमी रहने लगी थी। बार-बार पूछने पर मार्च 2025 में उसने अपनी मां को बताया कि आरोपी उनके परिवार का परिचित था और पिछले पांच-छह वर्षों से घर आता-जाता था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जनवरी 2024 से अक्टूबर 2024 के बीच जब उसके माता-पिता काम पर चले जाते थे, तब आरोपी घर आकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाता था। आरोपी उसे धमकी देता था कि यदि उसने किसी को बताया तो वह उसकी छोटी बहन के साथ भी ऐसा ही करेगा। इसके बाद मां ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी की ओर से अधिवक्ता मनदीप कुमार और कशिश जैन ने पैरवी करते हुए अभियोजन पक्ष के मामले में कई विरोधाभास और सबूतों की कमी का मुद्दा उठाया। मनदीप कुमार ने दलील दी कि पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में आरोपी को पिछले पांच-छह वर्षों से जानने की बात कही थी, जबकि अदालत में जिरह के दौरान उसने बताया कि जनवरी 2024 में एक शादी समारोह में उसकी आरोपी से मुलाकात हुई थी। बचाव पक्ष ने इसे शिकायत के तथ्यों में अहम विरोधाभास बताया।बचाव पक्ष ने यह भी दलील दी कि शिकायतकर्ता ने आरोपी और अपने पति के बीच कारोबारी संबंधों तथा उससे लिए गए कर्ज का जिक्र नहीं किया था। आरोपी की ओर से पैसे वापस मांगने के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। बचाव पक्ष के अनुसार, रिकॉर्ड पर पेश किए गए सबूतों से पैसों के लेन-देन की पुष्टि होती है और इसी रंजिश में आरोपी को झूठा फंसाया गया। अधिवक्ता कशिश जैन ने दलील दी कि पीड़िता और उसकी मां ने मेडिकल जांच करवाने से इनकार कर दिया था। ऐसे में अभियोजन पक्ष के आरोपों की पुष्टि के लिए कोई मेडिकल साक्ष्य भी उपलब्ध नहीं था। उन्होंने एफआईआर दर्ज कराने में हुई देरी पर भी सवाल उठाए। बचाव पक्ष के अनुसार, कथित घटनाएं जनवरी से अक्टूबर 2024 के बीच की बताई गईं, जबकि शिकायत मार्च 2025 में दर्ज कराई गई। इस देरी का कोई संतोषजनक कारण भी नहीं बताया गया। दोनों पक्षों की दलीलें और रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों पर विचार करने के बाद अदालत ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ आरोपों को संदेह से परे साबित नहीं कर सका। शिकायतकर्ता के बयान और बचाव पक्ष की ओर से पेश किए गए साक्ष्यों में विरोधाभास था।

'युवा मतदाताओं के शत-प्रतिशत पंजीकरण का लक्ष्य हासिल करने के लिए निर्देश जारी'

'विशेष अभियान के तहत पात्र युवाओं का चिन्हीकरण कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने पर जोर'

सिरोही, 30 अक्टूबर (का.सं.)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजस्थान में 18द्19 वर्ष आयु वर्ग के पात्र युवाओं एवं प्रथम बार मतदाताओं के मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए विशेष अभियान पूर्व से संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत अब शत-प्रतिशत पंजीकरण का लक्ष्य हासिल करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान श्री नवीन महाजन ने समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक पात्र युवा का चिन्हीकरण कर उसका मतदाता पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी पात्र युवा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे।

'विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में संस्थानवार सत्यापन'

अभियान के अंतर्गत राज्य के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत पात्र युवाओं का संस्थानवार विवरण प्राप्त कर उनके मतदाता पंजीकरण की स्थिति का सत्यापन किया जाएगा। इसके लिए संबंधित शिक्षा अधिकारियों एवं शैक्षणिक संस्थानों से समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों की जन्मतिथि सहित सूची प्राप्त करने तथा पंजीकरण से वंचित पात्र युवाओं की पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं।

एलिगेंट मार्बल्स एंड ग्रैनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: ई-7/9, रीको औद्योगिक क्षेत्र आबू रोड - 307026, राजस्थान
सीआईएन: L14101RJ1984PLC003134 वेबसाइट: www.elegantmarbles.com
Tel : 24939676/24960771/24911144 Fax : 91-22-24930782 E-mail : elegantmarbles@gmail.com

30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए स्वतंत्र, गैर-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

(रुपये लाख में, प्रति शेयर डेटा को छोड़कर)

क्र. सं.	विवरण	तिमाही समाप्त 30.09.2026 (अलेखापरीक्षित)	तिमाही समाप्त 30.06.2026 (अलेखापरीक्षित)	तिमाही समाप्त 30.09.2025 (अलेखापरीक्षित)	छमाही समाप्त 30.09.2026 (अलेखापरीक्षित)	छमाही समाप्त 30.09.2025 (अलेखापरीक्षित)	वर्ष समाप्त 31.03.2026 (लेखापरीक्षित)
1.	परिचालन से कुल आय	647.47	717.73	869.59	1,365.20	1,618.56	3,596.37
2.	कर और अपवादात्मक मदों से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि	53.81	83.79	156.82	137.60	304.22	497.22
3.	असाधारण मदों के बाद कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि	53.81	86.62	156.82	140.43	268.40	471.54
4.	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण मदों के बाद)	44.48	66.29	121.10	110.77	204.67	335.14
5.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [कर के बाद की अवधि के लिए लाभ और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल है]	507.88	3410.21	(909.02)	3,918.09	87.09	(2061.10)
6.	भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10 रुपये)	296.30	296.30	296.30	296.30	296.30	296.30
7.	पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी (रिजर्व)	-	-	-	-	-	12,136.84
8.	प्रति शेयर आय (प्रत्येक शेयर का अंकित मूल्य 10 रुपये) मूल और तनुकृत:	1.50	2.24	4.09	3.74	6.91	11.31

टिप्पणियाँ: (ए) उपरोक्त ऑडिटेड स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की ऑडिट समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 30 अक्टूबर, 2026 को आयोजित अपने संबंधित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है। कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने बिना संशोधित राय के ऑडिट रिपोर्ट जारी की है। (बी) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर 30 अक्टूबर, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए ऑडिटेड वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अर्क है। इसका पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट **www.bseindia.com** और कंपनी की वेबसाइट **www.elegantmarbles.com** पर उपलब्ध है।

एलिगेंट मार्बल्स एंड ग्रैनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
एसडी/-
राजेश अग्रवाल
अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक

स्थान: मुम्बई
दिनांक: 30 अक्टूबर, 2026

राहुल गांधी की 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली में शामिल होने की हिमाचल के सीएम ने की अपील



शिमला,वेब वार्ता। दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली को लेकर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वीडियो के माध्यम से संदेश साझा किया है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि राष्ट्र हित और लोकतंत्र की मजबूती से जुड़े वोट चोरी के मुद्दे पर हम सभी को गंभीरता से विचार करने और अपनी जिम्मेदारी निभाने की जरूरत है। हमारा वोट केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि हमारी आवाज, हमारी ताकत और हमारे भविष्य का आधार है। इसी अधिकार के माध्यम से हम अपनी सरकार चुनते हैं और लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। इसलिए मतदान प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना हम सभी का साझा दायित्व है। उन्होंने कहा, 'ऐसे में इस महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में राहुल गांधी के आह्वान पर वोट बचाओ, देश बचाओ जन मार्च एवं महारैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर सभी लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर चल रही राहुल गांधी की इस मुहिम में अपनी आवाज बुलंद करें।' बीते दिन 29 अक्टूबर को कांग्रेस सांसद और पार्टी के महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। साथ ही, उन्होंने 'हर भारतीय' से अपील की थी कि वे 1 नवंबर को 'इंडिया' गठबंधन की रैली में शामिल हों। यह रैली मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ है, जो मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में अनियमितताओं को लेकर आयोजित की जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में वेणुगोपाल ने विपक्षी गठबंधन की रैली को 'चलो दिल्ली, वोट बचाओ, देश बचाओ' का नाम दिया और दावा किया कि लोकतंत्र पर हमला हो रहा है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, प्लाट सं. 28, विवेकानन्द कॉलोनी के पूर्व की तरफ अहमदाबाद बाय पास, सिरोही से मुद्रित व प्रकाशित। संपादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेंगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णत: व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णत: प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह। मो. नम्बर: 9829410051 ई-मेल-yuvrajsinghh@gmail.com